<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–27 मार्च 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- संसद में पारित हुआ बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक–दो हजार चौबीस। अब बैंक खाते में नामांकित व्यक्तियों के लिये उपलब्ध होंगे चार विकल्प।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में छः सौ पैंतीस करोड़ रूपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण–शिलान्यास। कहा– डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।
- सर्वोच्च न्यायालय ने दुष्कर्म के प्रयास सम्बन्धी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के विवादित आदेश पर लगायी रोक। कहा– निर्णय असंवेदनशीलता का परिचायक।
- अयोध्या में बीस वर्षों तक हर रामनवमी पर होगा श्रीरामलला का सूर्य तिलक।

**********

संसद ने कल बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस पारित कर दिया। उसे राज्यसभा से मंजूरी मिल गई। लोकसभा पहले ही विधेयक को पारित कर चुकी है। इस विधेयक का उद्देश्य बैंक खाते में नामांकित व्यक्तियों के लिए वर्तमान विकल्पों की संख्या एक से बढ़ाकर चार करना है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि सरकार ने देश में बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार चौदह में बैंक दबाव में थे और नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने पर एक मजबूत बैंकिंग प्रणाली ढांचा तैयार किया, जिससे बैंकों की वित्तीय स्थिति मजबूत बनी रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल आगरा जिले में विकास उत्सव के तहत प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के अनुरूप राज्य में हुए विकास कार्यों को जनता के सामने रखा। उन्होंने छह सौ पैंतीस करोड़ रुपये की एक सौ अट्ठाइस परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने किसानों, युवाओं और गरीबों के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले आठ साल में साढ़े आठ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

***प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है आज देश के सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे यूपी के पास, इंटर स्टेट कनेक्टिविटी यूपी के पास, सबसे अधिक मेट्रो यूपी के पास, सबसे ज्यादा रेलवे का नेटवर्क यूपी के पास, सबसे अच्छी हाईवे यूपी के पास, सबसे ज्यादा एयरपोर्ट यूपी के पास और सबसे ज्यादा युवा ऊर्जा प्रतिभाशाली युवा उत्तर प्रदेश के पास।***

मुख्यमंत्री आगरा में नाथ संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरक्ष पीठाधीश्वर के रूप में संतों की धर्म सभा में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के बाद संतों का सबसे बड़ा जमावड़ा ब्रज की भूमि पर हो रहा है। श्री योगी ने बताया कि आने वाले समय में नाथ संप्रदाय का एक म्यूजियम बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री आज मिर्जापुर जिले का दौरा करेंगे। वह विकास उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन पूजन के साथ साथ वह मां विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय का निरीक्षण भी करेंगे।

**********

प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर सभी जिलों में कल भी विकास उत्सव का सिलसिला जारी रहा। इसी क्रम में कल राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने श्रावस्ती और बलरामपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। राज्यपाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जनहित के लिए योजनाएं बनाती है लेकिन उनका क्रियांवयन अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के प्रयास से ही हो सकता है।

***जब लक्ष्य निर्धारित होता है तो लक्ष्य को पूर्ण करने का काम अधिकारियों का तो होता ही लेकिन साथ साथ में सरकार में वरिष्ठ लोग जो बैठे है चाहे वह मंत्री के रूप में हो, चाहे वह विधायक के रूप में हो, चाहे पंचायतों में ग्राम प्रधान के रूप में काम करते हो। यह सभी का दायित्व बनता है कि जो योजनाएं बनी है यह योजना आपके गाँव तक पहुँची है की नहीं पहुँची है वह काम का जायजा लेना यह हमारा काम है।***

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कल कानपुर के चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में सेवा, सुशासन और सुरक्षा की नीति पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं।

***हमारी जिम्मेदारी सबसे पहले थी पानी बिजली सड़क स्कूल अस्पताल जो इंफ्रास्ट्रक्चर है उसे हम बेहतर बनाए। आज हम इन आठ वर्षों में कह सकते हैं कि उत्तर प्रदेश राज्य बीमारू राज्य के तमगे से बाहर निकल कर के एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित हो रहा है। बदहाली से हम निकल कर के एक बेहतर से बेहतर स्थिति में लाने का काम इन आठ वर्षों में हमारी सरकार ने किया है।***

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कल फर्रूखाबाद में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की आठ साल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि बीते आठ साल में प्रदेश में पर्यटन को लेकर अभूतपूर्व विकास हुआ है। गोरखपुर में प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने एक जनसभा में कहा कि प्रदेश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने दुष्कर्म के प्रयास पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के विवादित आदेश पर रोक लगाते हुए कहा है कि यह निर्णय असंवेदनशीलता का परिचायक है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश में कहा गया था कि अनुचित स्पर्श या अधो वस्त्र से छेडछाड दुष्कर्म का प्रयास नहीं है। अभियोजन पक्ष को दुष्कर्म के आरोप सिद्ध करने के लिए और आवश्यक सबूत पेश करने चाहिए थे। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि इससे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा में संवेदनशीलता की कमी लगती है। न्यायालय ने इस मामले में केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है।

**********

अयोध्या में अगले बीस वर्षों तक हर रामनवमी पर श्रीरामलला का सूर्य तिलक करने की योजना बनाई गई है। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के सूर्य तिलक के लिए रुड़की के सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक विशेष ऑप्टो–मैकेनिकल प्रणाली विकसित की है।

***रामनवमी में जो सूर्यकिरण की व्यवस्था की जानी है उस पर भी चर्चा की जो शिखर की प्रगति है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि जो परमानेंट व्यवस्था होगी सूर्यकिरण की अगले बीस वर्ष के लिए तो वह व्यवस्था संभव हो पाएगी यानी अब अस्थायी की बजाय स्थायी व्यवस्था इस वर्ष के सूर्यकिरण की होगी।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिफेंस कॉरिडोर भूमि घोटाले में लखनऊ के तत्कालीन डीएम आईएएस अभिषेक प्रकाश समेत सोलह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। आईएएस अभिषेक प्रकाश निवेशक से कमीशन लेने के मामले में पहले ही निलम्बित हो चुके हैं। डिफेंस कॉरिडोर भूमि घोटाले में कोर्ट के आदेश पर राजस्व परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. रजनीश दुबे ने पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट शासन को सौंपी थी। इसके बाद राजस्व परिषद ने इस रिपोर्ट को कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री के पास भेजा था।

**********

केंद्र सरकार की फैक्ट फाइडिंग यूनिट ने पिछले तीन वर्षों में डेढ़ हजार से अधिक फर्जी खबरों की पहचान की है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि बहत्तर हजार से अधिक प्रश्न प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि पत्र सूचना कार्यालय की सत्यता की जांच करने वाली इकाई  अपने सोशल मीडिया हैंडल पर तथ्य की जांच करके सही जानकारी प्रस्तुत करती है। लोग सरकार से जुड़े मामलों पर प्रसारित होने वाली खबरों के बारे में अपनी शिकायतें और फैक्ट चेक अनुरोध वॉट्सऐप हॉटलाइन–आठ सात नौ नौ सात एक एक दो पांच नौ  और पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट की वेबसाइट के जरिए भेज सकते हैं।

**********

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स का आयोजन एक से चार मई तक मुंबई में होगा। इस आयोजन में शामिल होने के लिए मीडिया प्रतिनिधि पंजीकरण कल से शुरू हो गया। पत्रकारों, फोटोग्राफरों, कंटेंट क्रिएटर्स और मीडिया पेशेवरों को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को कवर करने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। वेव्स भारत का अपनी तरह का पहला वैश्विक मंच है, जो देश की रचनात्मक शक्ति को बढ़ाने और इसे कंटेंट निर्माण, बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए समर्पित है।

**********

उत्तर प्रदेश हैण्डबाल एसोसिएशन के पचासवें स्थापना दिवस के अवसर पर कल से लखनऊ के के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में सैंतालीसवीं राष्ट्रीय जूनियर हैण्डबाल चैम्पियनशिप का शुभारम्भ हुआ। मेजबान उत्तर प्रदेश ने पूल–सी में अपने पहले मैच में पुद्दूचेरी को बाइस–तीन से हरा दिया। चैम्पियनशिप में देश की छब्बीस टीमें भाग ले रही हैं।

**********